Title: Need to provide funds for construction of a bridge on river Hasdeo in Janjgir-Champa Parliamentary Constituency, Chhattisgarh-laid.

श्रीमती कमला देवी पटले (जांजगीर-चम्पा): मेरे संसदीय क्षेत्र के हस्दो नदी पर अंग्रजों के काल का बना हुआ गेमन पुल है। पुल की हालत इतनी जर्जर है कि जिला कलैक्टर को दो बार इसे यातायात के अयोग्य घोषित करके यातायात पर प्रतिबंध लगाना पड़ा है। राज्य सरकार ने पौने चार करोड़ रूपये मरम्मत के लिए प्राक्कलन बना कर केन्द्र सरकार को भेजा था। मगर केन्द्र सरकार ने मरम्मत के बजाय नये पुल का प्राक्कलन मांगा था। नये पुल का प्राक्कलन भी बनाकर राज्य सरकार ने भेज दिया है। मगर अब तक राशि नहीं मिलने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि शीघ्र राशि निर्गत करें ताकि पुल का काम प्रारंभ हो सके। पुल प्रतिबंधित होने से लोगों को कई-कई मील का अतिरिक्त सफर करना पड़ता है।